कार्यालय : सचिव
जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

प0सं0:-1431/सचिव /2024-25 दिनांक 9/10/2024

सेवा में,

मा0 सम्पादक,
दैनिक जागरण/हिन्दुस्तान/अमर उजाला/राष्ट्रीय सहारा/स्वतंत्र चेतना/स्वतंत्र भारत/राष्ट्रीय स्वरूप/आज/हिन्दुस्तान टाइम्स/एन0बी0टी0/पायनियर

प्रेस नोट

महोदय,

कृपया जनहित मे अपने सम्मानित समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

सूचना

विभिन्न समाचार पत्रों एवं अन्य स्रोतो से यह शिकायत प्राप्त हो रही है कि लखनऊ नगर में कुछ अनाधिकृत एवं बाहरी व्यक्तियों द्वारा निवासियों के घर जाकर जलकर एवं सीवरकर जमा करने के नाम पर अवैध धन उगाही की जा रही है। अतः ऐसी स्थिति से बचने के लिये लखनऊ नगर के समस्त उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि वह अपने भवन से सम्बन्धित जलकर/ सीवरकर एवं जलमूल्य जमा करने हेतु जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ के अधिकृत वेब साइट https://jklmc.gov.in/ पर ही जमा करें एवं यदि नगद या चेक के माध्यम से जमा करना चाहते हो तो जलकल विभाग के क्षेत्रीय कार्यालय अथवा कैम्प कार्यालय जाकर जमा कराये एवं जमा की गयी धनराशि की कम्प्यूटरीकृत रसीद अवश्य प्राप्त कर लें। किसी भी अनाधिकृत अथवा बाहरी व्यक्ति को जलकर/ सीवरकर अथवा जलमूल्य जमा करने के नाम पर नगद धनराशि कदापि न दें। इसके साथ ही यदि जलकर/सीवर कर के बिल में किसी प्रकार का कोई संशोधन किया जाना हो तो सम्बन्धित जोन के कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस में प्रातःकाल 10.00 से 12.00बजे के मध्य जाकर अधिशासी अभियन्ता से सर्म्पक स्थापित करें।

सचिव
जलकल विभाग, लखनऊ

भवदीय

(शशि कुमार गुप्ता)
सचिव
जलकल विभाग,नगर निगम,
लखनऊ

प0सं0 एवं दिनांक तदैव

प्रतिलिपिः-
1. नगर आयुक्त महोदय, नगर निगम, लखनऊ को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. महाप्रबन्धक महोदय, नगर निगम, लखनऊ।
3. समस्त अधिशासी अभियन्ता, जलकल विभाग नगर निगम को आवश्यक कार्यवाही हेतु।

सचिव